भारत की है शान खाटूवाला

हम सब की पहचान खाटूवाला,
प्रेमियों की जान खाटूवाला,
भारत की है शान खाटूवाला,
प्रेमियों की जान खाटूवाला.....

देने पे आ जाये तो कुछ भी बाबा दे सकता है,
लेने पे आ जाये तो हर ग़म बाबा ले सकता है,
किर्पा की है खान खाटूवाला, प्रेमियों की जान खाटूवाला.....

हर प्रेमी की यही तमन्ना जब अंतिम बारात हो,
पास खड़ा हो शियामधणी और प्रेमियों का साथ हो,
हर दिल का अरमान खाटूवाला, प्रेमियों की जान खाटूवाला......

मन में है सचाई जिसके, हिर्दय का जो साफ़ है,
उस बन्दे की श्याम की चौखट पे हर ग़ल्ती माफ़ है,
पल में जाता मान खाटूवाला,प्रेमियों की जान खाटूवाला……

“मोहित” है दिल बाबा पे रहना चरणों से दूर नहीं,
किसी और की हमें गुलामी हरगिज़ भी मंज़ूर नहीं,
मालिक अपना श्याम खाटूवाला, प्रेमियों की जान खाटूवाला…..

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30709/title/bharat-ki-hai-shaan-khatuwala

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |